जालौन पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

सराहनीय कार्य

ऑपरेशन मुस्कान के तहत महिला थाना पुलिस द्वारा राह भटकी लड़की को परिजनों से मिलाया गया।

आज दिनांक 16.09.2023 को महिला थाना उरई में एक लड़की ने आकर सूचना दी कि मै जनपद ललितपुर की रहने वाली हूं और अपने माता-पिता से नाराज होकर घर से उरई में रहने वाले रिश्तेदार के घर जाने के लिये निकल आयी और मैं राह भटक गयी हूं। महिला थाना पुलिस द्वारा तत्काल उसके परिजनो से सम्पर्क कर उनकी पुत्री के विषय में जानकारी दी, एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये युवती को परिजनो के सुपुर्द किया गया। लड़की को सकुशल पाकर परिजनो द्वारा जालौन पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।